प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.05.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित होगी। बैठक में पुरानी पेंशन योजना, ओपीएस और यूनिफाईड पेंशन स्कीम यूपीएस के प्रारूप पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृति आयु को 58 से बढ़ाकर 59 करने के मामले पर भी कोई निर्णय हो सकता है। बैठक में मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं पर कोई फैसला ले सकते हैं। इसके अलावा बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए मंत्रिमंडल की मुहर लग सकती है।

सेना—युद्ध विराम

भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। सेना के अनुसार 18 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। 12 मई को महानिदेशकों के बीच बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने की कोई समाप्ति तिथि नहीं है। दोनों देशों के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की पिछली वार्ता 12 मई को हुई थी। वार्ता के दौरान, दोनों पक्ष ने एक भी गोली नहीं चलाने या एक—दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

तिरंगा यात्रा

प्रदेश में भाजपा की तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। इस यात्रा को लेकर देश सहित प्रदेशभर में ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज जवानों को देशवासियों द्वारा नमन किया जा रहा है। 25 मई तक चलने वाली तिरंगा यात्रा में चारों संसदीय क्षेत्रों में भाजपा के सभी मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

नकल रैकेट

नवोदय विद्यालय समिति की ओर से बीते कल आयोजित विभिन्न गैर शिक्षक पदों की भर्ती परीक्षा के दौरान शिमला में एक संगठित नकल रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। परीक्षा में तकनीक के सहारे नकल कराने की बड़ी साजिश बेनकाब हुई है। विस्तृत ब्यौरा हमारी सहयोगी से।

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित विभिन्न गैर शिक्षक पदों की भर्ती परीक्षा में तकनीक के सहारे नकल कराने के मामले में शिमला पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें 35 पुरूष और 5 महिलाएं शामिल हैं। शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कहा कि पुलिस जांच मामले में सामने आया है कि आरोपी परीक्षा केंद्रों में अत्याधुनिक ब्लूटूथ डिवाईस छिपाकर लाए थे और इन्हीं उपकरणों के ज़रिए उन्हें बाहर से उत्तर बताए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से संबंध रखते हैं। संजीव गांधी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर दिए गए हैं और एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आठ सदस्यीय यह टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

आकाशवाणी समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी पुष्पा ठाकुर।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य सेवा के लिए महत्वपूर्ण आयामों में से एक है और इसके माध्यम से रोगियों के उपचार व उन्हें स्वस्थ रखने में विशेष मदद मिलती है। वे सोलन ज़िले के वाकनाघाट स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। धनीराम शांडिल ने कहा कि फिजियोथैरेपी पुराने रोगों को जड़ से खत्म करने का एक बेहतर विकल्प है और ये शरीर को और अधिक स्वस्थ व मज़बूत बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी गर्भावस्था से वृद्धावस्था तक विभिन्न रोगों के उपचार का कारगर माध्यम है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न कम्पनियों द्वारा फिजियो थैरेपी से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये कार्यक्रम फिजियो थैरेपी के क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर रोगियों के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा।

चंबा पर्यटन

चंबा जिले में पर्यटन को विकसित करने के लिए जिला में हवाई पट्टीयों व हवाई अड्डों के निर्माण की मांग उठी है। इस संबंध में जिला मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान समाजसेवी मनीष सरीन ने पर्यटन निगम से जल्द आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997–98 में जिला को मिली दो परियोजनाओं से इन क्षेत्रों में पर्यटन विकसित होगा। मनीष सरीन ने पर्यटन निगम के अध्यक्ष से इन परियोजनाओं के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

*बहुत समय से हमारी से हमारी एक डिमांड लंबित रही है कि डलहौजी की क्नैक्टिविटी जिसमें कि एयरस्ट्रिप जो सन 1997–98 में यह प्रोजेक्ट बनीखेत को मिला था पर कुछ कारणों से वो प्रोजेक्ट कंपलीट नहीं हो पाया। हमें यह उम्मीद है कि प्रदेश का उड्डयन मंत्रालय, पर्यटन एचपीटीडीसी विभाग है जिसमें हमें माननीय आरएस बाली से आग्रह रहेगा कि जो पेंडिंग प्रोजेक्ट है उसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए*